दंत जाँच शिविर का अग्रवाल महाविद्यालय में आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में आज दिनांक 29 नवम्बर 2018 को "नीरज डेंटल क्लीनिक" मोहना रोड़ बल्लबगढ़ द्वारा महाविद्यालय की युवा रैड क्रॉस की तीनों इकाइयों और रैड रिबन क्लब के सहयोग से एक दिवसीय दन्त जाँच शिविर का आयोजन शिक्षक, गैर शिक्षक वर्ग और विद्यार्थियों के लिए किया गया। यह शिविर दंत चिकित्सक डॉ. श्रीमती नीरज सिंघल की देख–रेख में लगाया गया जिसमें 120 के लगभग शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अपने दाँतों की जाँच करवाई। शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त ने किया. उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने सम्पूर्ण स्वास्थ्य को उत्तम बनाए रखने के लिए दाँतों की सफाई और जाँच नियमित रूप से करवानी चाहिए। पेट और हृदय से संबंधित अधिकांश बीमारियों का सीधा सम्बन्ध मुख व दाँतों की पर्याप्त सफाई न होने से है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को मुख की स्वच्छता और दाँतों के लिए ब्रश और फ्लास का नियमित प्रयोग करना चाहिए। डॉ. श्रीमती नीरज सिंघल ने परामर्श दिया कि प्रत्येक भोजन व चाय–कॉफी पीने के बाद भी कुल्ला करने से दाँतों व मसूढ़ों की सेहत अच्छी बनी रहती है। डॉ. नीरज सिंघल ने शिविर में जाँच के लिए आये कर्मचारियों के दांतों की सघन जांच की और अपनी सलाह दी। उन्होंने सभी को मुफ्त में दंत मंजन/पेस्ट भी प्रदान किया। युवा रैड क्रॉस के अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह की देख–रेख में यह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ता श्रीमती कमल टंडन, श्रीमती किरण आनन्द, डॉ. राम चन्द्र, श्री लवकेश, नेहा गोयल, देवेन्द्र और सोनिया भी उपस्थित थे।